## एक नजर में

### सिविल अस्पताल में संविधान उद्देशिका का वाचन



**कन्नौद।** संविधान दिवस के अवसर पर सिविल अस्पताल कन्नौद में बीएमओ डॉ लोकेश मीणा के द्वारा अधिकारी व कर्मचारियों के समक्ष संविधान उद्देशिका का वाचन किया गया डॉ मीणा के द्वारा बताया गया कि 26 नवंबर 1949 को भारत का संविधान अंगीकृत किया गया था जो आधिकारिक तौर पर 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ हमारा लिखित संविधान एक जीवंत दस्तावेज है जो सभी को समान रूप से सुरक्षा प्रदान करता है संविधान उद्देशिका का वचन लोगों में संविधान के प्रति जागरूगता के लिए किया गया इस अवसर पर डॉ आकांशा मिश्रा, डॉ रफीक खान, डॉ हर्षवर्धन राणा, बीईई दिनेश साहू, बीपीएम प्रदीप पवार एव सिविल अस्पताल कन्नौद का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

### साइबर अपराध के प्रति किया जागरूक



**भौरासा।** देवास पुलिस अधीक्षक पुनीत गहलोत सोनकच्छ एसडीओपी दीपा मांडवे, एव भौरासा थाना प्रभारी प्रीति कटारे के मार्गदर्शन में मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत साइबर अपराधी के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भौरासा में शिविर आयोजित किया गया संस्था के जिला समन्वयक राजेंद्र पिपलोदिया, दिनेश राठौर, पूजा मालवीय एवं प्राचार्य डॉ राजेंद्र चौधरी उपस्थित थे छात्रों को साइबर ठगी कंप्यूटर व इंटरनेट के दुरुपयोग से जुड़े अपराधों के बारे में विस्तार से अवगत कराया गया इस अवसर पर विद्यालय का समस्त स्टाफ भी उपस्थित रहा।

### शिव महापुराण कथा का आयोजन



**देवास।** त्रिवेणी महादेव सेवा समिति द्वारा भागवती नगर देवास में शिव महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है। आचार्य पंडित दीपक महाराज द्वारा कथा का वाचन एवं शिवचरित्रों के बारे में विस्तार से समझ कर बताया गया एवं सुंदर भजनों के द्वारा भक्तों का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में श्रीऔदुम्बर रामायण मंडल के अध्यक्ष गुरुजी डी के जोशी द्वारा महा आरती की गई व श्री राम रक्षा स्त्रोत पुस्तक का निशुल्क वितरण किया गया एवं महत्व बताया गया। इस अवसर पर होली एंजेल स्कूल के डायरेक्टर रमेश मिश्रा, लक्ष्मी नारायण पोरवाल, जयंत शर्मा, अभिषेक जोशी द्वारा पूर्णाहुति के अवसर पर आरती की गई। समिति के सतीश परमार, मुकेश मालवीय, बृजमोहन भदोरिया, अशोक गुप्ता, कृष्णा साहू, दिनेश प्रजापति, अजय पाल सिंह, दीपक पटेल, रमेश हमुले एवं कॉलोनी की माता बहनों द्वारा बड़ी श्रद्धा भाव से कथा श्रवण कर लाभ प्राप्त किया। समिति द्वारा आचार्य पंडित दीपक महाराज एवं मुख्य अतिथियों का का दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया गया।

### टेलर एवं परांजपे को बधाई दी





**देवास।** मध्य प्रदेश भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्याम टेलर एवं मध्य प्रदेश भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष पद पर श्रीमती अश्विनी परांजपे की नियुक्ति पर जनपद अध्यक्ष रेवाराम सारण, मंडल अध्यक्ष राजेश मालवीय, सुनील पटेल, सोहन पटेल, सुनील कर्मा, अजय शर्मा, शोभा जोशी, रेखा शर्मा, चमेली नायक, शीला गुप्ता, अशोक यादव, हिरालाल गेहलोत, सुरेश वर्मा, अरुण बडोनिया, गौरव बाल्दी, सलीम कुरैशी, प्रदेश अध्यक्ष पवन हिंदू, प्रदेश पदाधिकारी घनश्याम पटेल, जगदीश यादव, गोपाल भलावी, उमंग नेमा, राजेश तंवर, कमल शर्मा, जिला अध्यक्ष रामेश्वर धाकड़, जिला संयोजक रघुनाथ नायक, जिला पदाधिकारी सरपंच आनंद जोनवाल, पवन नागर, बरोठा लक्ष्मीराम, उईके निमलाय, चिंटू जोशी, जगदीश परसाई, रामवंद्र जाटव, ओम प्रकाश पटेल, कृष्णकांत कुंडल, सचिन भलावी, दीपक शर्मा, दिनेश पंचोली, नरेंद्र वर्मा, गोवर्धन सिरा, शिव राठौर, संतोष मुकाती, कचरु राठौर, दिपचंद गवली आदि ने बधाई दी।

### नगर प्रवेश के साथ प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव प्रारंभ



**देवास।** नगर के नयापुरा चौक में नवनिर्मित श्री मुनिसुव्रत स्वामीजी जैन मंदिर के अंजनशलाका एवं प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के उपलक्ष्य में आचार्य श्री जिनसुंदर सुरीश्वरजी एवं आचार्यश्री धर्मबोधि सुरीश्वरजी, पन्यास प्रवर तत्वरूचि विजयजी आदि साधु मंडल का नगर प्रवेश संपन्न हुआ। आपके साथ साध्वीजी भक्ति रेखा श्रीजी एवं तत्वरसा श्रीजी आदि साध्वी मंडल का भी प्रवेश हुआ। इसी के साथ छह दिवसीय महोत्सव का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर मंडी धर्मशाला से नवकारशी के बाद विशाल शोभा यात्रा निकाली गई, जो कि श्री शंखेश्वर पार्श्वनाथ मंदिर होकर कार्यक्रम स्थल नयापुरा चौक पर संपन्न हुई। उल्लेखनीय है कि यह जैन मंदिर प्रेम कुमार विजय कुमार सेठिया परिवार द्वारा निर्मित एवं आराधना हेतु समर्पित किया जा रहा है। उक्त जानकारी देते हुए प्रवक्ता विजय जैन ने बताया कि गुरूदेव के नगर आगमन पर समाजजनों ने अक्षत एवं श्रीफल की गहुली बनाकर गुरूदेव की अगवानी की। शोभा यात्रा में विशेष परिधान धारण कर के महिलाएं मस्तक पर कलश धारण कर चल रही थी। नवयुवकों का समूह नृत्य करते हुए उत्साहपूर्वक सम्मिलित हुआ। शोभा यात्रा धर्मसभा में परिवर्तित हुई जिसे उपदेशित करते हुए आचार्य श्री ने कहा कि प्रभु की प्रतिष्ठा सिर्फ मंदिर में ही नहीं मन मंदिर में भी करना होगी तब ही यह प्रतिष्ठा महोत्सव सार्थक हो सकेगा। हमें प्रभु की उस प्रकार से समर्पित भक्ति करना चाहिये जिस प्रकार से घोड़े के पूर्व भव में एक मित्र ने प्रभु मुनिसुव्रत स्वामी की भक्ति की थी। उस भक्ति के प्रभाव से प्रभु को अगले भव में सैकड़ों कोस का भ्रमण कर उस घोड़े की जान बचाने के लिये पहुंचना पड़ा। यदि हमारी भक्ति में शक्ति होगी तो हमें भी प्रभु हर पल बचाने के लिये तत्पर भी रहेंगे और तैयार भी। संगीतमय गुरू भक्ति की प्रस्तुति यश जैन यशस्वी उज्जैन ने दी।.

## गबन अधिकारियों ने किया, नुकसान जनता के पैसे से पूरा हो रहा

**देवास/लोहारदा।** बागली विधानसभा की तीनो परिषद में 27 करोड़ रुपये का आवास घोटाला एक बार फिर से गर्म है। सवाल सिर्फ भ्रष्टाचार तक सीमित नहीं रहा—जांच, जवाबदेही और प्रशासन की नीयत पर भी उंगलियाँ उठने लगी हैं। शासन ही चुका रहा भ्रष्टाचार की राशि, अधिकारी बेखौफ पदों पर वापस। सूत्रों के अनुसार, 2022 के घोटाले में तीनों नगर परिषदों में जिन अधिकारियों-कर्मचारियों पर करोड़ों की अनियमितता के आरोप लगे थे, उनसे एक रुपये की वसूली तक नहीं की गई चौंकाने वाली बात यह है कि गबन की भरपाई अधिकारियों से नहीं, बल्कि शासन की क्षतिपूर्ति चुंगी राशि से की जा रही है। मतलब—गबन अधिकारियों ने किया, नुकसान जनता के पैसे से पूरा हो रहा है और अधिकारी आज भी मलाईदार कुर्सियों पर बेखौफ बैठे हैं। यही वह बिंदु है जहाँ जनता का विश्वास पूरी तरह हिल गया है।

### ज़ीरो टॉलरेंस सिर्फ मंचों तक

जनता खुलकर कह रही है— मंचों पर ज़ीरो टॉलरेंस की बात होती है, लेकिन फाइलों में भ्रष्टाचारियों की वापसी लिखी जाती है। कागजों में भ्रष्टाचार मुक्त प्रदेश लेकिन जमीन पर भ्रष्टाचारियों की पुन: बहाली, जांच लंबी और आरोपी आराम से वहीं पदस्थ, शासन नुकसान भर रहा है, दोषी कुर्सियाँ पकड़कर बैठे हैं यही विरोधाभास जनता को सबसे ज्यादा चोट पहुँचा रहा है।



नगर परिषद के दस्तावेज खंगालते लोकायुक्त अधिकारी

### आरटीआई में जानकारी देने से इनकार

बागली विधानसभा के आवास घोटाले की आग जहाँ शांत होती दिख रही थी, वहीं अब एक नया मोड़ आया है। लोहारदा के आरटीआई कार्यकर्ता ने उज्जैन लोकायुक्त से पूरे घोटाले की विस्तृत जानकारी मांगी थी, लेकिन लोक सूचना अधिकारी (उप पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त) दिनेशचन्द्र पटेल ने धारा 24(4) का हवाला देते हुए जानकारी देने से मना कर दिया। परन्तु एक्टिविस्ट का कहना है— धारा 24(4) इस मामले पर लागू ही नहीं होती। यह जानकारी भ्रष्टाचार से संबंधित है और धारा 24(4) भ्रष्टाचार के मामलों में लागू नहीं की जा सकती। अब उन्होंने इसकी अपील पुलिस अधीक्षक लोकायुक्त आनंद कुमार यादव के पास कर दी है। इसके बाद जनता सीधे पूछ रही है— अगर सब कुछ पारदर्शी है तो जानकारी देने से डर किस बात का?

### कब मिलेगा न्याय

बागली विधानसभा क्षेत्र की गलियों में आज यही चर्चा है कि क्या इस घोटाले में कभी सख्त कार्रवाई होगी, क्या करोड़ों का गबन करने वालों के लिए सिर्फ विभागीय नोटशीट ही काफी है, क्या गरीबों के छीन लिए गए घरों की कोई कीमत नहीं, क्या सरकारी नौकरी भ्रष्टाचार का सुरक्षा कवच बन गई है, लोगों का कहना है कि अगर भ्रष्टाचार की भरपाई भी जनता के पैसों से करनी है और आरोपी फिर भी कुर्सियों पर बैठने लगें तो फिर जांच सिर्फ एक औपचारिकता बनकर रह जाती है।

कहानी अभी खत्म नहीं— आरटीआई के जवाब से बड़ा भूचाल आ सकता है आरटीआई में जैसे-जैसे जवाब सामने आएँगे मामले का अगला अध्याय और भी बड़ा हो सकता है। संभावना है कि यह घोटाला आने वाले दिनों में फिर बागली की राजनीति और प्रशासन दोनों को झकझोर दे।

## संविधान दिवस पर भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ की विभिन्न गतिविधियां



### भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया

**देवास।** उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस श्री कृष्णाजीराव पवार शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय देवास में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ एवं आई क्यू ए सी के तत्वावधान में संविधान दिवस 26 नवम्बर के उपलक्ष्य में विभिन्न गतिविधियां आयोजित की गई। प्राचार्य डॉ. एस.पी.एस. राणा के मार्गदर्शन में भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ के त्रैमासिक केलेण्डर अनुरूप संविधान दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन किया गया। भारतीय संविधान पर केन्द्रित प्रश्नमंच प्रतियोगिता में प्रथम संकल्प सोलंकी, द्वितीय विजय कलेशरिया तथा तृतीय खुशबू वर्मा रही। इसी प्रकार मौलिक अधिकार विषय पर रखी गई स्लोगन प्रतियोगिता में कोमल सोनी प्रथम, छाया परमार द्वितीय तथा नीतेश अहिरवार एवं गुलनार अली तृतीय स्थान पर रहे।

भारतीय ज्ञान परम्परा प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ. ममता झाला, समिति सदस्य डॉ.रश्मि ठाकुर, डॉ. सत्यम सोनी, डॉ. माया ठाकुर, डॉ. सीमा सोनी, डॉ. लता धूपकरिया, डॉ, रजत राठौर, डॉ. ममता लावरे, डॉ. प्रतिमा रायकवार, डॉ. भारती कियावत, डॉ. नीरज जैन के विशेष सहयोग से समस्त गतिविधियां सुचारू रूप से संपन्न हुई ।

## आजाद समाज पार्टी ने मनाया संविधान दिवस



**देवास।** आजाद समाज पार्टी ने संविधान दिवस के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन नूतन नगर अंबेडकर पार्क में एक कार्यक्रम आयोजित किया। इस अवसर पर नूतन नगर पार्क के संस्थापक बाबूलाल रेकवाल पार्टी के जिला प्रभारी कैलाशप्रिय कलेशरिया, जिला अध्यक्ष रूपेश बामनिया, जिला उपाध्यक्ष रामप्रसाद दुजावरा, जिला महासचिव राधेश्याम गांगुली, भीम आर्मी पूर्व जिला महासचिव पवन आंवले, विक्रम रेकवाल, नूतन नगर समिति के अध्यक्ष राजकुमार रेकवाल और समाज के वरिष्ठ गण उपस्थित थे। कार्यक्रम में सभी ने एक दूसरे को मिठाई खिलाकर संविधान दिवस मनाया। इस अवसर पर पार्टी के नेताओं ने संविधान के महत्व पर प्रकाश डाला और देश के विकास में संविधान की भूमिका को सराहा। कार्यक्रम में उपस्थित नेताओं ने कहा कि संविधान दिवस हमें देश की एकता और अखंडता की याद दिलाता है।

## नहीं हुआ अंकित विश्वकर्मा की हत्या का खुलासा

### एक वर्ष से अधिक हो गया परिजनों ने लगाए देपालपुर पुलिस पर आरोप

**देवास।** ग्राम सिंगावदा निवासी अंकित विश्वकर्मा की संदिग्ध परिस्थितियों में 9 अक्टूबर 2024 को हुई मृत्यु को लेकर मृतक के परिजनों ने आरोप लगाया है कि अंकित की मौत एक योजनाबद्ध हत्या थी। जबकि देपालपुर पुलिस इसे डूबने की घटना बताकर अपराधियों को बचा रही है। 9 अक्टूबर 2024 को अंकित विश्वकर्मा उम्र 28 वर्ष की देपालपुर क्षेत्र के ग्राम बनेडिया तालाब में मृत्यु हो गई थी। पुलिस ने इसे डूबने की घटना बताया था, परंतु परिजनों का कहना है कि अंकित को अच्छा तैरना आता था, तालाब में तेज बहाव नहीं था, उसके शरीर पर चोंट के निशान भी थे।

परिजनों के अनुसार अंकित उज्जैन में फर्नीचर का कार्य करता था और घटना के दिन उसे सतीष उर्फ सन्नी टेलर, विशाल उर्फ बिट्ठू, नितिन गोयल, दिनेश सिसोदिया द्वारा उज्जैन से देपालपुर बुलाया गया था, जहां उसकी हत्या की गई, और घटना को छुपाने के लिये डूबने की कहानी गढ़ी गई।

#### स्वतंत्र जांच की मांग

परिजनों ने कहा कि देपालपुर पुलिस पर उन्हें अब विश्वास नहीं है इसलिए उन्होंने मांग की है कि विशेष जांच दल या केन्द्रीय जांच ब्यूरो द्वारा जांच करवाई जाए ताकि सच्चाई सामने आ सके और दोषियों को कड़ी सजा मिल सके।



परिजनों की और से वीरेन्द्र विश्वकर्मा, अनिल विश्वकर्मा और अनीता विश्वकर्मा ने इस संबंध में राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, डीजीपी, मानव अधिकार आयोग तथा पुलिस आयुक्त इंदौर को अभी तक दर्जनों बार शिकायतें भेजी है किंतु अब तक कोई ठोंस कार्यवाही नहीं हुई है।

### मोबाइल कॉल डिटेल नहीं निकाली

देपालपुर पुलिस एक वर्ष बीत जाने के बाद भी अंकित के मोबाइल नम्बर अंकित के मोबाइल नम्बर की कॉल डिटेल नहीं निकलवा रही है। इससे यह साबित होता है कि पुलिस मामले को दबाने और अपराधियों को बचाने का प्रयास कर रही है। परिजनों का यह भी कहना है कि जब उन्होंने पुलिस से निष्पक्ष जांच की मांग की थी तब उन पर शिकायत वापस लेने का दबाव बनाया गया था, और रूपयों का लालच भी दिया गया था। साथ ही सीएम हेल्प लाईन पर की गई शिकायत को बंद करवाने के लिये तत्कालीन थाना प्रभारी द्वारा गलत रिपोर्ट भेजी गई थी।

## गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान दिवस मनाया



**काँटाफोड़।** सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु अर्जन देव जी के 350 वे बलिदान दिवस के उपलक्ष्य में नगर के गुरुद्वारा चौक पर स्मरण सभा का आयोजन किया गया। जिसमे सभी धर्म के लोगों को आमंत्रित किया गया। सभी वक्ताओं द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान के बारे में विस्तृत से बताया। देश धर्म की रक्षा के लिए दिए गए गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान को देश युगों युगों तक याद रखेगा उनके बलिदान दिवस को स्मरण सभा के रूप में नगर में पहली बार मनाया गया नगर के सभी नागरिकों ने इस पहल की प्रशंसा की और कहा कि आगे भी ऐसे सर्वधर्म कार्यक्रम नगर में होना चाहिए सभी वक्ताओं द्वारा गुरु तेग बहादुर की शहीदी पर अपनी अपनी बात कही और उनके बलिदान को हिंदुस्तान के लिए धर्म की रक्षा के लिए एक मिसाल बताया। किस तरह औरंगजेब द्वारा धर्म परिवर्तन नहीं करने पर गुरु तेग बहादुर जी का सर धड़ से अलग कर दिया गया था और उन्होंने अपने देश धर्म की रक्षा अपने आशीष देकर की जो युगों युगों तक याद की जाएगी। श्री गुरु सिंघ सभा काँटाफोड़ द्वारा गुरु तेग बहादुर जी के स्मरण सभा के आयोजन मे अध्यक्ष दलजीत सिंह भाटिया ने अपना उद्बोधन दिया। कार्यक्रम का संचालन प्रिंस भाटिया द्वारा किया गया। आमंत्रित अतिथियों का शब्दों के रूप में स्वागत उधबोधन शेंकी भाटिया द्वारा दिया गया। कार्यक्रम मे पधारे अतिथिगण डा राजेंद्र जोशी लोहारदा, आरसी तिवारी, दिनेश पंचोली, मनोज होलानी, सुशील पसारी, राजाराम यादव, मुकेश राठौर, हामिद खान, सुन्दरलाल जायसवाल कवि, नवोदय विद्यालय प्राचार्य पौनेन्द्र कुमार, बाळकृष्ण शर्मा, चेतन जोशी कवि, श्रीनिवास तिवारी, सत्यनारायण तिवारी, दीपेश सोनी, आशुतोष पारासर, गुरमीत भाटिया, राजेंद्र मालवीया, शलभ गोरानी आदि ने गुरु तेग बहादुर जी के जीवन पर प्रकाश डाला एवं धर्म पर कभी कोई आंच आए तो उनके द्वारा अपनाए गए मार्ग पर चलने की बात कही। सुबह से ही सम्पूर्ण नगर में लाउडस्पीकर के माध्यम से गुरु तेग बहादुर जी की जीवनी के बारे में प्रचार किया गया।

श्री गुरु सिंह सभा से खजाँची सतनाम सिंघ भाटिया, सचिन जैकी भाटिया, प्रभारी राज टुटेजा, मैनेजमेंट इंचार्ज बॉबी अरोरा, सतवास नगर परिषद अध्यक्ष सतनाम बग्गा, पिंकी भाटिया, मनजीत भाटिया, मनजीत टुटेजा, बबलू भाटिया, डिंपल टुटेजा, रिंकू भाटिया, राजू भाटिया, रॉकी भाटिया, शुभम भाटिया, निशु भाटिया, मीशू भाटिया, राजू सलूजा सतवास, लवी भाटिया हथनोरी, शीनू टुटेजा सतवास सहित सामाजिक महिला पुरुष एवं बच्चे उपस्थित थे।

नगर की साध संगत जी के साथ साथ सतवास एवं हतनौरी की संगत भी उपस्थित हुई। नगर में इस तरह के ऐतिहासिक आयोजन की सभी वर्गों के लोगों ने बढ़-चढ़कर तारीफ की और कहा कि इस तरह के धार्मिक एवं सर्वधर्म आयोजन होते रहना चाहिए जिसे सभी लोगों को सभी धर्म के बारे में जानकारी प्राप्त होती रहे।

## भारतीय स्त्री शक्ति इकाई द्वारा संविधान दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम




**देवास।** 26 नवम्बर बुधवार को भारतीय स्त्री शक्ति देवास इकाई द्वारा सरस्वती ज्ञानपीठ, लक्ष्मण नगर, देवास में संविधान दिवस के उपलक्ष्य में एक ज्ञानवर्धक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की मुख्य वक्ता मीना वागड़े सहायक प्राध्यापिका, शासकीय विधि महाविद्यालय, शाजापुर रहीं, जिन्होंने विद्यार्थियों को संविधान दिवस के महत्व, संविधान की उत्पत्ति, हमारे मौलिक अधिकार एवं कर्तव्यों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। साथ ही बच्चों से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण कानूनों पर भी सरल एवं प्रभावी चर्चा की। स्कूल के डायरेक्टर श्री तिवारी ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में सक्रिय सहयोग प्रदान किया। रमा यार्दी ने भारतीय स्त्री शक्ति की कार्यप्रणाली व उद्देश्यों पर प्रकाश डाला। अंत में नीत अरोरा द्वारा सभी अतिथियों व उपस्थित शिक्षकों का आभार व्यक्त किया गया।

इस आयोजन में लगभग 400 विद्यार्थियों एवं 24 शिक्षकों की सहभागिता रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में नीता सिरपुरकर एवं प्रतिभा कजवाड़कर का सहयोग उल्लेखनीय रहा।

## मतदान केंद्र में शत प्रतिशत एस आई आर लक्ष्य पूर्ण

**बागली।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा देश के 12 राज्यों में एस आई आर कार्य शुरू कर दिया गया है। बेहरी ग्राम पंचायत अंतर्गत मतदान केंद्र क्रमांक 52 में बी एल ओ जुगल अमडावदीय द्वारा समय सीमा के पूर्व 100त्न लक्ष्य पूरा करते हुए पहला स्थान प्राप्त कर लिया जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत बेहरी के मतदान केंद्र क्रमांक 52 में सभी मतदाताओं के सहयोग से विशेष मतदाता सूची पूर्ण निरीक्षण एवं गणना फॉर्म का कार्य 100त्न ऑनलाइन रूप में पूर्ण कर दिया है ।यह क्षेत्र पूरी तरह हिंदू बाहुल्य क्षेत्र है। सभी मतदाताओं ने इस प्रक्रिया को पूर्ण करने में पूरा-पूरा सहयोग दिया और आवश्यक दस्तावेज भी उपलब्ध करवाये जिसके चलते समय से पूर्व यह लक्ष्य पूरा हो सका बागली नगर में भी विशेष मतदाता सूची पुन निरीक्षण कार्य जोरों पर चल रहा है ।बी एल ओ बता रहे हैं कि इस कार्य में कोई भी असुविधा नहीं है। आसानी से यह कार्य हो रहा है मतदाता पूरा-पूरा सहयोग दे रहे हैं और शांतिपूर्ण तरीके से पूरी जानकारी भी बता रहे हैं। वरिष्ठ अधिवक्ता एवं भाजपा नेता प्रवीण चौधरी ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की इस प्रक्रिया में सभी मतदाता बढ़-चढ़कर सहयोग दें और पूरी पूरी जानकारी बताएं यह हम सबके लिए उचित है इससे वास्तविक मतदाता अपने मत का उपयोग कर सकेंगे और गलत तरीके से जुड़े हुए मतदाता अपने आप कट जाएंगे जिससे शासन का भार भी काम होगा चोधरी ने बागली विधानसभा के सभी मतदान केंद्र से जुड़े मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि वह अपने क्षेत्र में एस आई आर करने वाले भी बी एल ओ का सहयोग करें और उनका सम्मान करें यह कार्य आने वाले समय में हम सबके लिए राष्ट्रहित वाला है।

**एक नजर** ऑल इंडिया मुशायरे का आयोजन संपन्न

## प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट में नेशनल केस राइटिंग वर्कशॉप का शुभारंभ



**देवास।** प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, देवास में 26 नवंबर 2025 को तीन दिवसीय 16वीं नेशनल केस राइटिंग वर्कशॉप का विधिवत शुभारंभ किया गया। वर्कशॉप की शुरुआत सरस्वती वंदना ,दीप प्रज्ज्वलन एवं वंदे मातरम् के साथ हुई । संस्थान के निदेशक प्रो. डॉ. आर. के. जैन ने गेस्ट ऑफ ऑनर प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी, इंदौर के वाइस चांसलर प्रो. डॉ. केयूर पुरानी , उद्योग जगत के प्रतिनिधियों तथा सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि वर्तमान शिक्षा प्रणाली में केस स्टडी मेथडोलॉजी का अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान है। जब विद्यार्थी वास्तविक औद्योगिक परिस्थितियों में जाकर प्रायोगिक अनुभव प्राप्त करते हैं, तब उनकी निर्णय क्षमता मजबूत होती है और प्रबंधन सिद्धांतों की समझ अधिक सुदृढ़ होती है। निदेशक प्रो. डॉ. आर. के. जैन ने बताया कि इस वर्कशॉप का मुख्य उद्देश्य पुस्तकीय ज्ञान से आगे बढ़कर वास्तविक तथ्यों एवं उद्योगिक परिस्थितियों पर आधारित केसों का विकास करना है, जिससे विद्यार्थी भविष्य के व्यावसायिक दायित्वों का पूर्वानुभव प्राप्त कर सकें। उन्होंने केस स्टडी की महत्ता, संरचना और उसकी प्रक्रिया पर विस्तृत प्रकाश डाला। इस वर्कशॉप के गेस्ट ऑफ ऑनर एवं की-नोट स्पीकर, प्रेस्टीज यूनिवर्सिटी इंदौर के वाइस चांसलर तथा आईआईएम के प्रतिष्ठित फैकल्टी प्रो. डॉ. केयूर पुरानी थे। उन्होंने बताया कि केस स्टडी क्या होती है, इसे कैसे विकसित किया जाता है तथा यह शैक्षणिक क्षेत्र में कितनी उपयोगी है।

उन्होंने कहा कि सामान्यत: भारत में अपने स्वयं के केस विकसित करने की प्रवृत्ति अपेक्षाकृत कम है और शिक्षण संस्थान प्राय: हार्वर्ड तथा यूरोपियन केस क्लियरिंग हाउस के विदेशी केसों का उपयोग करते हैं। उन्होंने प्रशंसा करते हुए कहा कि प्रेस्टीज इंस्टिट्यूट ऑफ मैनेजमेंट एंड रिसर्च, देवास द्वारा की गई यह पहल न केवल सीखने के अवसर प्रदान करती हैं, बल्कि प्रतिभागियों को स्वयं केस लिखने हेतु भी प्रेरित करती हैं, जिसका शैक्षणिक जगत पर अत्यंत सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। प्रो. डॉ. केयूर पुरानी ने आगे कहा कि एक उत्कृष्ट केस तैयार करने के लिए अनेक तत्वों पर ध्यान केंद्रित करना आवश्यक है जैसे समस्या एवं प्रमुख पात्र की पहचान, डेटा संग्रह, तथा स्पष्ट लर्निंग ऑब्जेक्टिव निर्धारित करना। हमें अपने ज्ञान को केस के रूप में लिखकर साझा करना चाहिए, जिससे उसका प्रभाव और अधिक सार्थक हो सके।